# REET 2025

**Level – 1 & 2**

**2**

# शिक्षा मनोविज्ञान

# बाल विकास

**Top Important MCQ**

RPN 1 Study Point

**1. विकास एवं अभिवृद्धि के सन्दर्भ में असत्य कथन का चयन कीजिए-**

(a) अभिवृद्धि केवल मात्रात्मक होती है जबकि विकास मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों होता है।

(b) अभिवृद्धि एकपक्षीय होती है जबकि विकास बहुपक्षीय।

(c) विकास में अभिवृद्धि शामिल होती है।

(d) विकास व अभिवृद्धि दोनों सतत रूप से जीवनपर्यन्त चलते हैं।

**2. निम्नलिखित में से विकास का सिद्धांत नहीं है-**

(a) सतत विकास का सिद्धांत

(b) एकीकरण का सिद्धांत

(c) चक्राकार (वर्तुलाकार) विकास का सिद्धांत

(d) विशिष्ट से सामान्य क्रियाओं का विकास

**3. मस्तकोधमुखी विकास के सिद्धांत के अनुसार विकास की दिशा होती है-**

(a) पैर से सिर की ओर

(b) हाथ-पैर की अंगुलियों से छाती की ओर

(c) सिर से पैर की ओर

(d) निकट से दूर की ओर

**4. विकास से तात्पर्य है-**

(a) मात्रात्मक परिवर्तन

(b) गुणात्मक परिवर्तन

(c) मात्रात्मक व गुणात्मक परिवर्तन

(d) लम्बाकार (Vertical) परिवर्तन

5. **वृद्धि का संबंध है-**

(a) आकार व भार में वृद्धि

(b) केवल भार में वृद्धि

(c) केवल आकार में वृद्धि

(d) इनमें से कोई नहीं

**6. निम्नलिखित में से विकास के बारे में असंगत है-**

(a) यह निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है।

(b) सभी की विकास दर समान नहीं होती है।

(c) विकास सदैव रेखीय होता है।

(d) विकास की दिशा निश्चित होती है।

**7. वह विकासात्मक प्रगति, जिसमें शरीर के केन्द्रीय अंगों से परिधीय अंगों की ओर विकास होता है, कहलाता है-**

(a) मस्तकोधमुखी विकास
(b) निकट से दूर की ओर
(c) अनुदैर्ध्य
(d) ऊपर से नीचे की ओर

**8. मानव विकास परिणाम है-**

(a) केवल वंशानुक्रम का

(b) केवल वातावरण का

(c) वंशानुक्रम व वातावरण की परस्पर अंत:क्रिया का

(d) सामाजिक कारकों का

**9. विकास प्रारम्भ होता है-**

(a) शैशवावस्था से
(b) जन्म से
(c) प्रसव-पूर्व अवस्था से
(d) पूर्व बाल्यावस्था से

**10. बाल विकास के संदर्भ में निम्न में से कौन-सी युक्ति सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है?**

(a) पोषण एवं भोजन
(b) प्रेम एवं देखभाल
(c) वंशानुक्रम एवं वातावरण
(d) शिक्षा एवं वातावरण

11. शिशु का विकास विभिन्न वातावरणीय कारकों से प्रभावित होता है, निम्न में से कौन-सा इनमें शामिल नहीं है?

(a) पोषण

(b) खेल मैदान

(c) माता पिता का आर्थिक-सामाजिक स्तर

(d) गुणसूत्र

**12. मानव विकास के सम्बन्ध में कौन सा कथन गलत है?**

(a) विकास रेखीय होता है।

(b) विकास पूर्वानुमेय होता है।

(c) विकास निरन्तर होने वाली प्रक्रिया है ।

(d) विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर चलता है।

**13. निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है ?**

(a) वृद्धि एवं विकास पर्यायवाची हैं ।

(b) वृद्धि में मात्रात्मक परिवर्तन निहित हैं ।

(c) वृद्धि जीवनपर्यन्त नहीं होती ।

(d) वृद्धि के साथ विकास भी होता हैं ।

**14. मानव विकास के सम्बन्ध में कौनसा कथन गलत हैं ?**

(a) यह परिपक्वता तक चलता है

(b) यह सतत् प्रक्रिया है

(c) यह परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम है

(d) यह जन्मपूर्व अवस्था में भी होता है।

**15. किसी व्यक्ति के विकास के संबंध में क्या सही नहीं है ?**

(a) यह जन्म से मृत्यु तक जारी रहता है।

(b) वृद्धि, विकास का एक हिस्सा है।

(c) परिवर्तनों को देखा और मापा जा सकता है।

(d) उपरोक्त सभी

16. **विकास एवं वृद्धि है-**

(a) एक दूसरे के विरोधी

(b) एक दूसरे के समान

(c) एक दूसरे के पूरक

(d) इनमें से कोई नहीं

**17. बालक में वृद्धि एवं विकास का अध्ययन करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विधि निम्नलिखित में से कौन सी है?**

(a) तुलनात्मक विधि
(b) मनोविश्लेषणात्मक विधि
(c) सांख्यिकी विधि
(d) विकासात्मक विधि

18. **'वातावरण में वे सब बाह्य तत्व आ जाते हैं, जिन्होंने व्यक्ति को जीवन आरम्भ करने के समय से प्रभावित किया है, यह कथन था-**

(a) डगलस एवं हॉलैंड का

(b) वुडवर्थ का

(c) वुल्फ एवं वुल्फ का

(d) हरलॉक का

**19. किस मनोवैज्ञानिक के अनुसार "विकास एक सतत् और धीमी-धीमी प्रक्रिया है।"**

(a) कॉलसनिक (b) पियाजे

(c) स्किनर (d) हरलॉक

**20. विकास में वृद्धि से तात्पर्य है?**

(a) ज्ञान में वृद्धि

(b) संवेग में वृद्धि

(c) वजन में वृद्धि

(d) आकार, सोच, समझ और कौशल में वृद्धि

**21. बाल विकास का सही क्रम है?**

(a) प्रौढ़ावस्था-किशोरावस्था-बाल्यावस्था

(b) पूर्व किशोरावस्था - मध्य किशोरावस्था-उत्तर किशोरावस्था

(c) बाल्यावस्था-किशोरावस्था-प्रौढ़ावस्था

(d) इनमें से कोई नहीं

**22. मानव विकास कुछ विशेष सिद्धान्तों पर आधारित है, निम्नलिखित में से कौनसा मानव विकास का सिद्धान्त नहीं है?**

(a) निरंतरता

(b) आनुक्रमिकता

(c) सामान्य से विशिष्ट

(d) प्रतिवर्ती

**23. विकास कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है, यह विचार किससे सम्बन्धित है?**

(a) एकीकरण सिद्धान्त

(b) अंतः क्रिया का सिद्धान्त

(c) अंतः सम्बन्ध का सिद्धान्त

(d) निरंतरता का सिद्धान्त

**24. सिफैलोकौडल विकास नियम के अनुसार -**

(a) पहले सिर के भाग फिर क्रमशः धड़, हाथों और पैरों का विकास

(b) पहले धड़, हाथों और पैरों का फिर सिर के भाग का विकास

(c) सम्पूर्ण शरीर का समान विकास

(d) व्यक्ति से व्यक्ति पर निर्भर

**25. निम्नलिखित में से कौनसा कथन विकास के बारे में असत्य है?**

(a) विकास अन्त: क्रिया का फल है।

(b) विकास एक व्यवस्थित शृंखला का अनुगामी है।

(c) विकास एक व्यक्तिगत प्रक्रिया है।

(d) विकास विशिष्ट से सामान्य की ओर होता है।

**26. निम्न में से कौनसा कथन विकास के सम्बन्ध में असत्य है?**

(a) विकास प्रतिमानों की कुछ निश्चित विशेषताओं की भविष्यवाणी की जा सकती है।

(b) विकास का उद्देश्य वंशानुगत संभाव्य क्षमता का विकास करना है।

(c) विकास के विभिन्न क्षेत्रों में संभाव्य खतरे नहीं होते हैं।

(d) प्रारंभिक विकास बाद के विकास से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

**27. विकास का एक अधिनियम है, कि विकास प्रतिमान के विभिन्न काल में खुशी भिन्न-भिन्न होती है। इस अधिनियम के अनुसार-**

(a) जीवन का प्रथम वर्ष सबसे अधिक खुशी का काल होता है।

(b) वय संधि काल एवं जीवन का प्रथम वर्ष भी जीवन का सबसे अधिक खुशी का काल होता है।

(c) वय संधि काल जीवन का सबसे अधिक दुःखी काल होता है।

(d) जीवन का प्रथम वर्ष सबसे अधिक खुशी एवं वय संधि काल सबसे अधिक दुःखी काल होता है।

**28. मानव विकास को क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है, जो हैं-**

(a) शारीरिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और सामाजिक।

(b) संवेगात्मक, संज्ञानात्मक, आध्यात्मिक और शारीरिक।

(c) मनोवैज्ञानिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और शारीरिक।

(d) शारीरिक, आध्यात्मिक, संज्ञानात्मक और सामाजिक।

**29. निम्नलिखित में से असत्य कथन छांटिए-**

(a) विकास आंतरिक होता है।

(b) अभिवृद्धि कुछ समय के बाद रूक जाती है।

(c) अभिवृद्धि का एक निश्चित लक्ष्य होता है।

(d) विकास का सीधा मापन संभव नहीं है।

**30. निम्न में से वृद्धि और विकास के कौन-से आयाम एक दूसरे से जुड़े है?**

**(A) शारीरिक** **(B) बौद्धिक**

**(C) सामाजिक** **(D) संवेगात्मक**

**(E) नैतिक**

**कोड -**

(a) (A),(B) और (C)

(b) (D) और (E)

(c) (A),(C) और (D)

(d) (A),(B),(C), (D) और (E)

**31. किस मत के अनुयायियों का कथन है कि विकास की क्रिया का आरंभ सिर से होता है-**

(a) सामान्य से विशिष्ट की ओर

(b) विकास प्रक्रिया के समान प्रतिमान

(c) मस्तकोध-मुखी सिद्धान्त

(d) संगठित प्रक्रिया

**32. "विकास परिवर्तन शृंखला की वह अवस्था है जिसमें बच्चा भ्रूणावस्था से प्रौढ़ावस्था तक गुजरता है।" यह कथन है-**

(a) कोल

(b) ब्रिजिस

(c) स्पिज

(d) मुनरो

**33. निश्चित तथा पूर्वकथनीय प्रतिरूप का सिद्धान्त सम्बन्धित है-**

(a) अभिप्रेरणा

(b) अधिगम

(c) वृद्धि एवं विकास

(d) सभी विकल्प सही हैं ।

**34. एक सामान्य संयुक्त कोष (Zygote) में होते हैं-**

(a) 47 गुणसूत्र

(b) 23 गुणसूत्र

(c) 44 गुणसूत्र

(d) 46 गुणसूत्र

**35. मानव शरीर का निर्माण करने वाले गुणसूत्रों की संख्या होती है-**

(a) 40 काय गुणूसत्र

(b) 46 लिंग गुणसूत्र

(c) 44 काय गुणसूत्र

(d) 23 काय गुणसूत्र

महारथ Academy

**36. बीजावस्था में बीज को जिस पदार्थ से पोषण प्राप्त होता है, वह है-**

(a) युक्ता

(b) योंक

(c) प्लेसेंटा

(d) शुक्राणु

**37. शिशु की त्वचा एवं बालों का निर्माण किस परत से होता है?**

(a) मीसोडर्म

(b) एण्डोडर्म

(c) मध्यम परत

(d) एक्टोडर्म

**38. निम्न में से गर्भधारण के लिए जिम्मेदार हार्मोन है-**

(a) प्रोजिस्ट्रॉन

(b) रिलेक्सीन

(c) ऑक्सीटॉसीन

(d) एस्ट्रोजन

**39. मेण्डल ने अपने वर्ण संकरता के नियम में किस पर प्रयोग किया?**

(a) चूहे पर

(b) जिराफ की गर्दन

(c) मटर के दानों पर

(d) बिल्ली पर

**40. कौन-सा नियम यह स्पष्ट करता है कि मनुष्य के मनुष्य, पशु के पशु और पक्षी के पक्षी ही पैदा होंगे?**

(a) प्रत्यागमन का नियम

(b) अर्जित गुणों के संक्रमण का नियम

(c) गाल्टन का नियम

(d) समान प्रतिमान का नियम

**41. महिलाओं के जननकोष (अण्डाणु) में निम्नलिखित में से पाया जाता है-**

(a) केवल y गुणसूत्र
(b) केवल x गुणसूत्र
(c) x तथा y दोनों गुणसूत्र
(d) इनमें से कोई नहीं

42. **निम्नलिखित में से कौन-सा वंशानुक्रम का नियम नहीं है?**

(a) प्रत्यागमन का नियम

(b) समान प्रतिमान का नियम

(c) बीज कोषों का नियम

(d) तत्परता का नियम

**43.** **कौन-सा सिद्धांत यह वर्णित करता है कि माता-पिता द्वारा अपने जीवनकाल में अर्जित गुण उनकी संतानों में संक्रमण हो जाता है?**

(a) प्रत्यागमन का सिद्धांत

(b) जनन द्रव्य की निरन्तरता का सिद्धांत

(c) अर्जित गुणों के संक्रमण का सिद्धांत

(d) गाल्टन का नियम

**44.** **किसने कहा था कि "एक बालक का विकास उसके वंशक्रम एवं वातावरण का गुणनफल होता है।"?**

(a) जिम्बर्ट (b) वुडवर्थ
(c) सोरेन्सन (d) रॉस

**45. समान प्रतिमान का सिद्धांत किसने दिया था?**

(a) लेमार्क

(b) गाल्टन

(c) बीजमैन

(d) सोरेन्सन

**46. मानव हृदय, वृक्क आदि का निर्माण भ्रूण की किस परत से होता है?**

(a) एक्डोडर्म
(b) मिसोडर्म
(c) एण्डोडर्म
(d) बाह्य परत

**47.** **किसने कहा था कि जन्म के समय एक बालक का मस्तिष्क कोरे कागज (टेबुला रासा) के समान होता है?**

(a) क्रो एण्ड क्रो
(b) जॉन लॉक
(c) गुड एनएफ
(d) फ्रायड

महारथ Academy

**48. शैशवावस्था की प्रमुख विशेषता नहीं है-**

(a) तीव्र विकास की तीव्रता

(b) जिज्ञासा की प्रवृत्ति

(c) अनुकरण द्वारा सीखने की प्रवृत्ति

(d) तार्किक चिंतन प्रक्रिया

Search For All Subject Notes – www.maharathacademy.in

**49. वेलेंटाइन के अनुसार सीखने का आदर्श काल है-**

(a) बाल्यावस्था

(b) शैशवावस्था

(c) किशोरावस्था

(d) उत्तर बाल्यावस्था

महारथ Academy

50. शैशवावस्था में शिशु के शरीर में माँसपेशियाँ कुल भार की होती हैं-

(a) लगभग 23%

(b) 27-30%

(c) 45%

(d) 35%



| Answer Key | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(d) | 2.(d) | 3.(c) | 4.(c) | 5.(a) |
| 6.(c) | 7.(b) | 8.(c) | 9.(c) | 10.(c) |
| 11.(d) | 12.(a) | 13.(a) | 14.(a) | 15.(c) |
| 16.(c) | 17.(d) | 18.(b) | 19.(c) | 20.(d) |
| 21.(c) | 22.(d) | 23.(d) | 24.(a) | 25.(d) |
| 26.(c) | 27.(d) | 28.(a) | 29.(c) | 30.(d) |
| 31.(c) | 32.(d) | 33.(c) | 34.(d) | 35.(c) |
| 36.(b) | 37.(d) | 38.(a) | 39.(c) | 40.(d) |
| 41.(b) | 42.(d) | 43.(c) | 44.(b) | 45.(d) |
| 46.(c) | 47.(b) | 48.(d) | 49.(b) | 50.(a) |